प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'सत्रह'

[21/7/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 1461]

(1)

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1461 के प्रश्नांश ''क'' का परिशिष्ट ''अ''

विधायक - श्री शंकर लाल तिवारी

ट्रामा केयर यूनिट निर्माण कार्य 13 वे वित्त आयोग की योजना अन्तर्गत दिनांक 21.12.2011 को स्वीकृत हुआ था तथा कार्यादेश दिनांक 10.04.2012 को जारी किया गया था। निर्माण स्थल पर पुराने आवासीय भवनो को तोडने की अनुमति प्राप्त करने एवं आवासो को खाली कराने में समय लगने से कार्य विलम्ब से प्रारंभ हुआ तथा 13 वे वित्त आयोग योजना 31 मार्च 2015 को समाप्त होने के कारण शेष कार्य के लिये आवंटन राज्य मद से प्राप्त करने के लिए पुनरिक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 10.2.1016 को शासन से जारी होने एवं ट्रामा यूनिट के कार्यकारी मानचित्रो में आवश्यक परिवर्तन दिनांक 23.05.2017 तक होने से निर्धारित समयवधि में कार्य पूर्ण नहीं हुआ। जीएनएम स्कूल एवं होस्टल निर्माण हेतु कार्यादेश दिनांक 01.11.2014 को जारी हुआ जिसके निर्माण के लिए भूमि आवंटन में विलम्ब होने एवं आवंटित भूमि पर जीर्ण–शीर्ण भवनो के तोडे जाने की व निर्माण स्थल पर पेड काटने की अनुमति प्राप्त करने में समय लगने से कार्य विलम्ब प्रारंभ हुआ। लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य तीव्र गति से प्रगतिरत है जिसको मार्च 2018 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

संयुक्त संचालक (अस्प. प्रशा.)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

सहायक यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश